संख्या- 13 /2018/ 320 /चार-2018 -07(वि)/2016

प्रेषक,

लुटावन राम
उप सचिव
उत्तर प्रदेश शासन

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0,
जवाहर भवन, लखनऊ

संस्कृति अनुभाग: लखनऊ: दिनांक 01 फरवरी, 2018

विषय- वेतन समिति उ0प्र0 2008 की संस्तुतियों के आधार पर लिये गये निर्णयानुसार भारतेन्दु नाट्य अकादमी लखनऊ में कार्यरत आशुलिपिक के ग्रेड वेतन उच्चीकृत किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर वित्त वेतन आयोग अनुभाग-2 के शासनादेश संख्या- वे0आ0-2-109/दस-54(एम)/2008 टीसी दिनांक 27 फरवरी, 2013 के माध्यम से वेतन समिति उ0प्र0 (2008) के चौदहवें प्रतिवेदन के माध्यम से स्वशासी संस्थाओं की पदवार एवं सामान्य कोटि के संवर्ग /पदों के संबंध में की गयी संस्तुतियों पर लिये गये निर्णयों के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि भारतेन्दु नाट्य अकादमी लखनऊ में आशुलिपिक संवर्ग में विद्यमान आशुलिपिक के 02 पदों का निम्नांनुसार पुनर्गठन किये जाने की शासनादेश निर्गत होने की दिनांक से श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

क्र0 स0	**वर्तमान व्यवस्था**			**शासनादेश दिनांक 27फरवरी, 2013 के अनुसार पुनर्गठन हेतु प्रस्तावित व्यवस्था**		
	पदनाम/पदों की संख्या	वेतनमान/वेतन बैण्ड एवं ग्रेड वेतन	अर्हता एवं भर्ती की प्रक्रिया	पदनाम/पदों की संख्या	वेतनमान/ वेतन बैण्ड एवं ग्रेड वेतन	अर्हता एवं भर्ती की प्रक्रिया
1	2	3	4	5	6	7
1	**आशुलिपिक 02 पद**	5200-20200 ग्रेड पे-2400	1- इण्टरमीडिएट 2- हिन्दी टंकण व आशुलिपिक में 30 व 80 शब्द प्रति मिनट	वैयक्तिक सहायक ग्रेड-2 01 पद	9300-34800 ग्रेड पे-4200	यह पद द्वितीय स्तर के होंगे । इन पदों को ज्येष्ठता के आधार पर न्यूनतम 08 वर्ष की संतोषजनक वाले आशुलिपिक पदधारकों से पदोन्नति कर भरा जायेगा।
				आशुलिपिक 01 पद	5200-20200 ग्रेड पे-2800	संवर्ग में प्रथम स्तर का पद सीधी भर्ती का पद होगा। इस पद पर भर्ती हेतु शैक्षिक अर्हता- इण्टरमीडिएट के साथ हिन्दी आशुलेखन में निर्धारित गति 80 शब्द प्रति मिनट तथा टंकण में 25 शब्द

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in/

						प्रति मिनट के साथ कम्प्यूटर से संबंधित ज्ञान (डी0ओ0ई0 ए0सी0सी0 सोसाइटी द्वारा संचालित सी0सी0सी0 पाठ्यक्रम अथवा माध्यमिक शिक्षा परिषद उ0प्र0 द्वारा संचालित कम्प्यूटर पाठ्यक्रम उत्तीर्ण होना अनिवार्य अर्हता होगी। प्रोन्नति/सीधी भर्ती

2- भारतेन्दु नाट्य अकादमी लखनऊ में आशुलिपिक संवर्ग के उपरोक्त पद विधिवत /नियमानुसार सृजित किये गये हो तथा इन पदों पर कार्यरत पदधारकों की नियमानुसार/नियमित नियुक्ति की गयी हो। पदों की संख्या के संबंध में अकादमी अपने स्तर से पुष्टि करते हुये स्वयं आश्वस्त हो लेगें और तद्नुसार उत्तरदायी भी रहेंगे।

3- उच्चीकृत /संशोधित ग्रेड वेतन में वेतन निर्धारण वेतन आयोग अनुभाग-2 के शासनादेश संख्या- वे0आ0-2-841/दस-2009-59(एम)/2008 दिनांक 24 दिसम्बर, 2009 में की गयी व्यवस्था के अनुसार किया जायेगा।

4- संबंधित सेवानियमावली में उपर्युक्तानुसार यथा अपेक्षित संशोधन कर लिया जायेगा।

5- यह आदेश वित्त विभाग की अशासकीय संख्या-ई-7-919/दस-2017 दिनांक 10 जनवरी, 2018 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे है।

भवदीय,
(लुटावन राम)
उप सचिव।

संख्या-13 / 2018 / 320(1)/चार-2017 तद्दिनांक

प्रतिलिपि लिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रधान महालेखाकार, (लेखा व हकदारी) प्रथम, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- वित्त नियंत्रक, संस्कृति निदेशालय , उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ ।
3- मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
4- वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग-7/ वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1
5- वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग-2 (02प्रतियों में)
6- निदेशक अधिष्ठान पुनरीक्षित ब्यूरों , वित्त विभाग, सचिवालय।
7- निदेशक, भारतेन्दु नाट्य अकादमी, लखनऊ ।
8 -गार्ड फाइल।

आज्ञा से ,
(लुटावन राम)
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in/